मैं उस
प्रभु का
सेवक
हूँ जिसे
अज्ञानी
मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और
खबरों एवं ई पेपर के
लिये लॉंग इन करें
https://
dainikyashonnati.
com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक131 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 28 जनवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार · पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार · पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

नम्रता त्रिवेदी ने जेआरएफ किया द्वितीय रेंक के साथ क्वालीफाई

सिवनी यशो-: राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा का परिणाम दिनांक 18-01-2024 को घोषित हो गया है। इस राष्ट्रीय परीक्षा में दैनिक यशोन्नति के संपादक मनोज मर्दन त्रिवेदी की सुपुत्री कु. नम्रता त्रिवेदी ने संगीत विषय मे नेट परीक्षा 242 अंकों के साथ जेआरएफ भी क्वालीफाई कर लिया है। नम्रता त्रिवेदी ने राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा में अपने विषय में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरी रेंक के साथ जेआरएफ क्वालीफाई किया है । इसके साथ ही उन्होंने यूजीसी एप्रुव्ड विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर पद की पात्रता भी अर्जित कर ली है। यह खबर आते ही नम्रता के परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है, शुभचिंतको ने नम्रता की सफलता पर बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

कु. नम्रता त्रिवेदी हाल ही में बिहार पी एस सी के माध्यम से व्याख्याता पद के लिये भी चयनित हुई है, व्याख्याता पद की ट्रेनिंग चल ही रही है और उन्हें जेआरएफ क्वालिफाई करने की दूसरी बड़ी सफलता प्राप्त हुई है । नम्रता त्रिवेदी ने कहा है कि पीएचडी करना उनका लक्ष्य है तथा यूजीसी नेट जेआरएफ की परीक्षा में लगातार 3 बार नेट क्वालिफाई करने के साथ ही यूजीसी नेट दिसंबर 2023 में जूनियर रिसर्च फेलोशिप अवार्ड के माध्यम से पीएचडी के लिये पात्रता प्राप्त होने से बड़ी प्रसन्नता है और इस सफलता में उनके गुरूजनों तथा माता पिता एवं परिवार का बड़ा सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ।

जिले हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

सिवनी यशोः- सम्पूर्ण देश के साथ ही सिवनी जिले में भी उत्साह एवं हर्षोल्लास से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का जिलास्तरीय समारोह कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के मुख्य आतिथ्य में स्टेडियम ग्राउंड सिवनी में आयोजित हुआ। गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय समारोह में कलेक्टर श्री सिंघल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश की जानता के नाम संदेश का वाचन किया एवं हर्ष के प्रतीक गुब्बारे छोड़े। इसके उपरांत कलेक्टर श्री सिंघल ने सभी प्लाटून कमांडर से परिचय प्राप्त किया गया।

गणतंत्र दिवस के जिलास्तरीय समारोह में सांसद श्री ढालसिंह बिसेन, विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री शफीक खान, जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण भलावी, श्री आलोक दुबे, वैभव पवार, पूर्व विधायक श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप सहित अन्य जनप्रतिधिनयों, गणमान्य नागरिकों, विभागाधिकारियों, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में पुलिस बैंड की लयबध्द ध्वनि में स्नेहा घोरमारे प्लाटून कमांडर के नेतृत्व में कुल 19 प्लाटून दल क्रमशः विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, जेल विभाग तथा वन विभाग, एन सी सी, स्काउटगाइड, शौर्य दल प्लाटून दलों द्वारा कदम-तालबध्द मनमोहक मार्चपास्ट एवं स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति से ओत-प्रोत लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए। विभिन्न हितग्राही मूलक विभागों द्वारा केंद्र एवं प्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं एवं प्रगतिरत कार्यो पर आधारित मनमोहन सुंदर झांकियों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी कर्मचारियों, प्लाटून दलों, स्कूली छात्र छात्राओं एवं विभागों की झांकियों को पुरुस्कृत किया गया।

झांकियों में प्रथम स्थान कृषि विभाग के प्राकृतिक कृषि में केंद्रित झांकी को दिया गया, द्वितीय स्थान आजीविका मिशन की झांकी को तथा तृतीय स्थान शिक्षा नगरपालिका विभाग की झांकियों को संयुक्त रूप से दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम स्थान कन्याशिक्षा परिसर, द्वितीय स्थान उत्कृष्ट विद्यालय तथा तृतीय सेंटफ्रांसेस स्कूल को दिया गया। कार्यक्रम में बालिका प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिला स्तर पर बोर्ड परीक्षाओं में अग्रणी स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 10 वी की 17 एवं कक्षा 12 वी की 19 छात्राओं को प्रात्साहन राशि का वितरण भी किया गया।

गणतंत्र दिवस संध्या में आयोजित हुआ भारत पर्व कार्यक्रम

सिवनी यशोः- 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की संध्या में स्थानीय दलसागर चौपाटी में लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व कार्यक्रम का आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी मेघा शर्मा सहित अन्य विभागाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं नगरवासियों की उपस्थिति रही। भारत पर्व कार्यक्रम में जबलपुर एवं कटनी के कलाकारों के साथ-साथ जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों ने देश भक्ती से ओत-प्रोत गीतों एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर जनसपर्क विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं पर केन्द्रित विकास प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसका आमजनों द्वारा अवलोकन किया गया।

मातृशक्ति संगम का कार्यक्रम राशि लॉन में आज

सिवनी यशोः- सिवनी नगर के राशि लॉंन में 28 जनवरी रविवार को मातृशक्ति संगम का कार्यक्रम आयोजित किया गया है कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चलेगा । कार्यक्रम की जिला संयोजका रूकमणी सनोडिया ने बताया कि स्त्रियाँ परिवार का आधार है परिवारों को सुखी और समृद्ध बनाने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है । स्त्री शिक्षा समानता और महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिये मातृशक्ति संगम का आयोजन महिला समन्वय विभाग सिवनी द्वारा आयोजित किया गया है । इस कार्यक्रम में महिलाओ को स्त्रीत्व श्रेष्ठता की महत्ता के विषय में जान्कारी प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम में वीरांगना प्रदर्शनी, विचार प्रबोधन, मनभावन झांकिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा ।

कार्यक्रम नारियों की समाज में भूमिका पर आधारित होगा, भारतीय चिंतन में स्त्री की भूमिका और आधुनिक समाज में उसका योगदान विषय पर विचार विमर्श किया जायेगा । इस कार्यक्रम में कार्यक्रम की संयोजितका श्रीमती रूकमणी सनोडिया, सह संयोजिका सपना गौतक, श्रीमती सोनू अग्रवाल, श्रीमती सरिता आंधवान, श्रीमती ममता शर्मा ने समस्त मातृशक्ति से कार्यक्रम में उपिस्थिती की अपील की है ।

जबरन नॉलेज


सरकारी तंत्र ही गणतंत्र हो गया है काका
हा हा हा ....

नगर पालिका लाइब्रेरी में लोकतंत्र सेनानियों को किया गया सम्मानित

सिवनी यशोः- 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष श्री सफीक खान द्वारा तिरंगा फहराया गया एवं उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

तदोपरांत नगर के शुक्रवारी चौक, में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती डाली अमित डागोर के द्वारा तिरंगा फहराया गया एवं उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त पार्षदगण तथा नगर पालिका के अधिकारी/कर्मचारीगण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इसके पश्चात नगर पालिका के लाइब्रेरी में लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, नगर पालिका द्वारा प्रत्येक वर्ष लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया जाता है इसी क्रम में आज 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री आर.के.कुर्वेती एवं नपा के पार्षदो द्वारा गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई एवं समस्त लोकतंत्र सेनानियों को पुष्पमाला पहनाकर, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया, वही जो लोकतंत्र सेनानी कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके उनके घर पहुंचकर सीएमओ ने उन्हें सम्मानित किया।

सायकल आँन का प्रमोशन एवं शहीद राकेश को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम कल

सिवनी यशोः- आगामी 03 फरवरी को स्वच्छता सर्वेक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता के लिये आयोजित सायकल आँन कार्यक्रम के पूर्व कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार एवं जनमानस में संदेश के लिये नगर में 29 जनवरी को बाहुबली चौक से शाम 5 बजे मशाल दौड़ एवं शहीद प्रधान आरक्षक राकेश ठाकुर को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा ।

दी गयी जानकारी में बताया गया है कि सायकल आँन के प्रमोशन के लिये आयोजित मशाल दौड़ में नगर के समस्त खेल संघ के खिलाड़ी शामिल होगे और दौड़ के माध्यम से कार्यक्रम का प्रमोशन करेंगे । इस आयोजन के लिये हाँकी, फुटबाल, कबड्डी, व्हालीबाल, एथलेटिक्स, एन सी सी स्काउट दल एवं एन एस एस ने सहित अन्य खेल संघों ने अपनी सहमति प्रदान करते हुये सायकल आँन का प्रमोशन करने की सहमति प्रदान की है और नगर को स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ्य बनाने के व्यापक संदेश के लिये आयोजित सायकल आँन रैली को सफल बनाने के लिये 29 जनवरी को मशाल दौड़ में शामिल होंगे ।

सायकल आँन के अध्यक्ष कपिल पांडे ने जानकारी देते हुये बताया कि मशाल दौड़ का आयोजन 29 जनवरी को शाम 05:00 बजे बहुबली चौक से सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के संक्षिप्त संबोधन के पश्चात मशाल प्रज्ज्वलिक कर खिलाड़ियों को रिले मशाल सौंपी जायेगी जो बाहुबली चौक से प्रारंभ होकर शुक्रवारी होते हुये नेहरू रोड, नगर पालिका चौक, बस स्टैण्ड, पाल पेट्रोल पंप से महात्मा गांधी स्कूल में इस मशाल दौड़ में शामिल सभी खेल प्रेमी उपस्थित होकर पिछले दिनों चोर गिरोह की घेराबंदी करने के दौरान शहीदहुये पुलिस विभाग के प्रधान आरक्षक राकेश ठाकुर को श्रद्धांजली देंगे ।

सायकल आँन के संयोजक कपिल पांडे ने मशाल दौंड़ एवं शहीद प्रधान आरक्षक राकेश ठाकुर के श्रद्धांजलि के कार्यक्रम में सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक संगठनें एवं एन जी ओ से उपस्थिती की अपील की है ।

सरस्वती शिशु मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

सिवनी यशोः- सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर गरिमामय शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विनीत जी अग्रवाल जिला सचिव विद्या भारती सिवनी कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री दीपक साहू अध्यक्ष विवेकानंद बाल कल्याण समिति सिवनी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चुन्नीलाल बोपचे विभाग समन्वयक छिंदवाड़ा एवं श्री अंकित मालू युवा नेतृत्व जिला पर्यावरण प्रमुख विद्याभारती सिवनी उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्राचार्य ओम प्रकाश यादव, व्याख्याता श्री प्रकाश गुप्ता, कृष्णमुरारी दुबे एवं पाली प्रभारी प्रमोद सोलंकी ने किया। राष्ट्रीय ध्वज

तिरंगे का आरोहण उपस्थित अतिथियों द्वारा गरिमामय तरीके से किया गया। विद्यालय के नवीन भवन में ध्वजारोहण श्रीमती बिंदु चौधरी समाज सेविका द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत भैया बहनों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। भैया बहनों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की उपस्थित अतिथियों एवं समाज के वरिष्ठजनों तथा उपस्थित अभिभावकों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। अपने उद्बोधन में विशिष्ट अतिथि अंकित मालू, मुख्य अतिथि विनीत अग्रवाल एवं व्यवस्थापक श्री नितिन चौधरी ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं समस्तजनों को देते हुए उनसे राष्ट्रकार्य में समर्पित भाव से सहयोग करने की अपेक्षा की। उपरोक्त गणतंत्र दिवस समारोह में विभाग प्रचारक श्री सुरेंद्र जी भाई साहब, विभाग कार्यवाह श्री अनिल चंद्रवंशी, सिवनी जिला के पूर्व संघ चालक श्री विष्णुप्रसाद अग्रवाल जी, विभाग शारीरिक प्रमुख श्री अशोक बघेल जी भाई साहब, जिला संपर्क प्रमुख श्री विनोद राहंगडाले जी, जिला कार्यवाह श्री मनोज अग्रवाल, नगर संघ चालक श्री संदीप गुप्ता, प्रसिद्ध डॉक्टर विजय सरीन, डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा, श्री राजेंद्र सनोडिया पूर्व जिला सचिव विद्या भारती सिवनी, भगवान दास आंधवान, श्रीमती सरिता आंधवान सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। उपरोक्त गणतंत्र दिवस समारोह का सफल संचालन बहन स्वर्णिमा सोनी एवं दीपांशी नंदनवार द्वारा किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में भैया-बहिन उपस्थित रहे। संपूर्ण आयोजन की सफलता में समस्त आचार्य परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में मिष्ठन वितरण एवं वंदे मातरम गायन के साथ आयोजन का समापन हुआ। आभार प्रदर्शन व्यवस्थापक श्री नितिन जी चौधरी द्वारा किया गया। संपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी एवं रूपरेखा श्रीमती कीर्ति ठाकुर, श्रीमती अनीता बोपचे, श्रीमती विभा परमार, श्रीमती सविता विश्वकर्मा द्वारा तैयार की गई। जिसमें सहयोगी के रूप में अन्य आचार्य परिवार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया।

बच्चों के साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने किया मध्यान्ह भोजन

सिवनी यशोः- गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर क्षितिज सिंघल के साथ ही सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, विधायक दिनेश राय, आलोक दुबे, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन पंवार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जिला मुख्यालय एमएलबी स्कूल पहुंचकर बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया

प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण के बाद उत्तर प्रदेश में विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है

प्रहलाद सबनानी ~

अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा स पन्न हो गई है और अब अयोध्या विश्व के अति महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के पटल पर आ गया है। इसका अब भारत की आर्थिक प्रगति पर भी बहुत बड़ा असर होने जा रहा है। स्थानीय स्तर पर तो अब भारत के नए भविष्य की एक नई शुरुआत होने जा रही है।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी अपने उदबोधन में कहा है कि प्रभु श्रीराम सभी के है अतः यह भारत के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत होने जा रही है। प्रत्येक भारतीय रामायण पढ़ता है एवं अयोध्या के महत्व को भी समझता है।

यह प्रभु श्रीराम का जन्म स्थल है और यह प्रभु श्रीराम की 500 वर्षों के बाद एक तरह से घर वापसी ही मानी जानी चाहिए। प्रभु श्रीराम भारत के कण कण में बसते हैं अतः अब ऐसी आशा की जानी चाहिए कि भारत में निवासरत विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक एक होकर भारत के विकास की गति को आगे बढ़ने में अपनी महती भूमिका का निर्विहन करेंगे।

प्रभु श्रीराम केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व के कई अन्य देशों में भी पूज्य है। कई देशों ने तो रामायण को अपनी भाषा में भी लिखा है। इस दृष्टि से रामायण के कई रूप हैं। थाईलैंड, क बोडिया, लाओस, चीन, यांमार, इंडोनेशिया, वियतनाम, आदि देशों में रामायण के स्थानीय रूप मिलते हैं। पूरे विश्व में कुल मिलाकर 300 भाषाओं में रामायण उपलब्ध है। उत्तरी थाईलैंड में एक शहर का नाम ही अजोध्या है। यह प्राचीन काल में एशियन थाई राज्य की राजधानी रहा है।

कालांतर में जिन देशों में भारतीय मूल के नागरिक गए हैं वहां रामायण भी पहुंचा है। जैसे केरेबीयन देशों में, अफ्रीकन देशों में, फीजी आदि देशों में प्रभु श्रीराम विद्यमान रहे हैं और यहां के नागरिक, भारतीय मूल के नागरिकों सहित, प्रभु श्रीराम की पूजा करते हैं। अब भारत इन सभी देशों के साथ अपने राजनैतिक एवं सामरिक रिश्तों को मजबूत कर सकता है और इन देशों में रह रहे नागरिकों को भारत एक तरह से अपने देश की तरह दिखाई देने जा रहा है।

4दूसरे, अब भारत में धार्मिक पर्यटन बढ़ने की अपार स भावनाएं बन गई हैं। भारत में अभी तक सबसे अधिक पर्यटक पड़ौसी देश बंगला देश से

आते हैं, इसके बाद पश्चिमी देशों से पर्यटक भारत आते है, जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, रूस, आस्ट्रेलिया, फ्रान्स, जर्मनी आदि।

इसके बाद एशिया के अन्य देशों से पर्यटक भारत आते है, जैसे मलेशिया, श्रीलंका एवं थाईलैंड। जबकि इन एशियाई देशों में प्रभु श्रीराम में आस्था रखने वाले नागरिकों की बहुत बड़ी सं या निवास करती है। अतः अब इन एशियाई देशों से भारत में पर्यटकों का आना बढ़ना चाहिए। इन समस्त देशों के नागरिक प्रभु श्रीराम के बचपन की कहानियां पढ़कर बड़े हुए हैं, अब ये लोग निश्चित ही भारत में अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के दर्शन करने के लिए आना चाहेंगे।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने धरातल पर काम करना शुरू भी कर दिया है। एक रामायण सर्किट रूट को विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। यह विशेष रेलगाड़ी 18 दिनों में 8000 किलो मीटर की यात्रा स पन्न करेगी, इस विशेष रेलगाड़ी के इस रेलमार्ग पर 18 स्टॉप होंगे। यह विशेष रेलमार्ग प्रभु श्रीराम से जुड़े ऐतिहासिक नगरों अयोध्या, चित्रकूट एवं छतीसगढ़ को जोड़ेगा। अयोध्या में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर वैश्विक पटल पर इस रूट को भी रखेगा।

विश्व के कई अन्य देश धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं।

इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटेकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है। अयोध्या में तो किसी भी धर्म, मत, पंथ मानने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं होगी। अतः अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सं या 5 से 10 करोड़ प्रतिवर्ष तक जा सकती है। फिर अकेले अयोध्या नगर को होने वाली आय का अनुमान तो सहज रूप से लगाया जा सकता है।

अभी अयोध्या आने वाले श्रद्धालु अयोध्या में रूकते नहीं थे प्रातः अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शनकर शाम तक वापिस चले जाते थे परंतु अब अयोध्या को इतना आकर्षक रूप से विकसित किया गया है कि श्रद्धालु 3 से 4 दिन रुकने का प्रयास करेंगे।

एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है इस सं या के हिसाब से तो लाखों नए रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है।

जेफरीज नामक एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरेज क पनी ने बताया है कि अयोध्या में निर्मित प्रभु श्रीराम के मंदिर से भारत की आर्थिक स पन्नता बढ़ने जा रही है। दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में स पन्न हुए प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद स्थानीय कारोबारी अपना उज्जवल भविष्य देख रहे हैं। अयोध्या अब धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है।

अयोध्या अब दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। जेफरीज के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। अभी अयोध्या में केवल 17 बड़े होटल हैं इनमें कुल मिलाकर 590 कमरे उपलब्ध हैं। लेकिन, अब 73 नए होटलों का निर्माण किया जा रहा है।

इनमें से 40 होटलों का निर्माण कार्य प्रार भ भी हो चुका है। अभी तक नए एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, टाउनशिप और रोड कनेंटविटी में सुधार जैसे कामों पर 85,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इस निवेश का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर दिखाई देने जा रहा है। शीघ्र ही अयोध्या वैश्विक स्तर पर धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा।

इससे होटेल, एयरलाईन, हॉस्पिटलिटी, ट्रैवल, सिमेंट जैसे क्षेत्रों को बहुत बड़ा फायदा होने जा रहा है। भारत के विभिन्न शहरों से 1000 के आसपास नई रेल अयोध्या के लिए चलाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पूरे देश से दिनांक 23 जनवरी 2024 से धार्मिक पर्यटक अयोध्या पहुंचना शुरू हो गए हैं। यह हर्ष का विषय है कि पहिले दिन ही 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के दर्शन किये हैं।

इस प्रकार कुल मिलाकर भारत भी अब वैश्विक पटल पर अपनी धाक जमा सकता है। इस धार्मिक आयोजन में 100 से अधिक देशों के विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया था। इनमे से कई विशिष्ट अतिथियों ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए लिखा है कि वे शीघ्र ही प्रभु श्रीराम मंदिर के दर्शन के लिए अयोध्या जाएंगे।

उज्जैन में विकसित होगा देश का प्रथम आईआईटी सैटेलाइट कैंपस

उज्जैन का सैटेलाइट परिसर शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों के साथ आमजन के लिए होगा उपयोगी

मु यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष आईआईटी इंदौर के विशेषज्ञों ने दिया प्रेजेंटेशन

भोपाल । देश में शोध आधारित प्रथम आईआईटी सैटेलाइट परिसर की स्थापना उज्जैन में होगी। देश का अपने तरह का यह अनूठा संस्थान होगा। आईआईटी इंदौर का डीप-टेक रिसर्च और डिस्कवरी कैंपस (डीआरडीसी) जल्दी ही उज्जैन में शुरू होने जा रहा है। उज्जैन भविष्य की प्रौद्योगिकी में विश्व-स्तरीय अनुसंधान केंद्र होगा, जिसे आईआईटी इंदौर का डीप-टेक रिसर्च और डिस्कवरी कैंपस उज्जैन में स्थापित किया जाएगा। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उज्जैन में आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के निदेशक और विशेषज्ञों ने भेंट कर उज्जैन में प्रस्तावित सैटेलाइट परिसर के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुतीकरण में जानकारी दी गई कि इस केन्द्र की लागत 474 करोड़ रूपए होगी। आने वाले डेढ़ से दो वर्ष की अवधि में यह कार्य पूर्ण होगा।

मध्य प्रदेश के साथ अन्य प्रदेशों के लिए भी उपयोगी होगा सैटेलाइट परिसर

उज्जैन के सैटेलाइट परिसर की स्वीकृति के लिए मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व में भी प्रयास किए। उन्होंने हाल ही में दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय शिक्षा व कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की थी। इस क्रम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंदौर द्वारा उज्जैन में सैटेलाइट परिसर स्थापित करने की परियोजना शामिल है। यह परियोजना तैयार कर वर्ष 2023 में शिक्षा मंत्रालय को स्वीकृति के लिये भेजी गई थी। उज्जैन सैटेलाइट परिसर एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे पूरे भारत और विशेष रूप से मध्य प्रदेश के छात्रों, शिक्षकों और औद्योगिक कर्मियों को लाभ मिलेगा।

मु यमंत्री डॉ यादव को प्रेजेंटेशन में बताया गया कि सेटेलाइट परिसर में डीप टेक रिसर्च एंड लैबोरेट्री डिस्कवरी सेंटर, डिस्कवरी सेंटर, लैब टू मार्केट सेंटर और एस्ट्रोनॉमी एंड स्पेस टे नोलॉजी के क्षेत्र में विविध गतिविधियां होंगी। इसका व्यापक लाभ विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और आमजन को मिलेगा।

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जानकारी दी गई कि कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में आईआईटी सक्रिय है। कृषि के विविध रूपों और नवीन तकनीक के संबंध में भी शोध कार्य हो रहे हैं। मु यमंत्री डॉ. यादव ने उद्यानिकी और फूलों की खेती के भविष्य में विस्तार की संभावनाओं पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

महत्वपूर्ण होगा मौसम विज्ञान से जुड़ा अनुसंधान

डीप-टेक रिसर्च और डिस्कवरी कैंपस के प्रस्तावित संगठन डीप-टेक रिसर्च प्रयोगशालाओं, खोज केंद्र का समर्थन करेगा, नए आयामों के अनुसंधान को अनुवाद और इसके प्रयोग के माध्यम से उपलब्ध कराने और लैब-टू-मार्केट सेंटर को शामिल किया जायेगा। जिसमें स्टार्टअप संस्कृति और उद्यमिता भी शामिल हॉगे। आईआईटी इंदौर अनुसन्धान के उन्नत क्षेत्रों में नेतृत्व स्थापित करने का प्रयास कर रहा है।

डीप-टेक रिसर्च और डिस्कवरी कैंपस का प्रस्ताव हाई-टेक प्रौद्योगिकियों और उत्पादों का विकास करने और कई उच्च-तकनीकी प्रौद्योगिकियों और उत्पादों को विकसित किया जायेगा, जो गहरे तकनीकी क्षेत्र उद्यमों में ले जा सकता है।

यह उज्जैन में गहन तकनीकी अनुसंधान और अनुसन्धान कै पस को बनाने के लिए एक विशेष संरचना बनाएगा, जो अनुवादात्मक अनुसंधान की संस्कृति के विकास के लिए उच्चतम स्तर पर गहन तकनीकी उत्पाद को बाजार में पहुंचाएगा।

कै पस में गहन तकनीकी अनुसंधान प्रयोगशालाओं, अनुसन्धान केंद्र, और लैब-टू-मार्केट केंद्र का एक समूह होगा, जिसमें उन्नत साधन और सुविधाओं के साथ आवश्यक इमारतें होंगी।

गहन तकनीकी अनुसंधान प्रयोगशालाएं कटिंग-एज क्षेत्र में उच्च स्तरीय अनुसंधान करेंगी और उद्योग और समाज के लिए नई तकनीकों को विकसित करेंगी जो प्रोटोटाइप विकास और उद्यमिता उद्योगों के लिए आगे लाया जा सकता है। अनुसंधान से समाज के लिए उपयुक्त तकनीकों को स्थापित किया जा सकेगा। इसमें वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों और प्रौद्योगिकी परिवर्तन विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी जो अनुसंधान गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे।

उच्च-स्तरीय सिमुलेशन, पैकेजिंग, सेंसर, आईओटी और सेमीकंडे टर उपकरणों के निर्माण, इंटीग्रेशन, संचार प्रौद्योगिकियों और संबंधित गतिविधियों को शामिल किया जायेगा।

आचार्य शंकर न्यास द्वारा रामोत्सव का आयोजन

संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन के आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा %राम लला प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव% के उपलक्ष्य में %रामोत्सव% कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया। जनजातीय संग्रहालय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में स्तोत्रपाठ, संकीर्तन के साथ अयोध्या कार्यक्रम का लाइव-प्रसारण भी हुआ। रामभक्तों द्वारा %भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला% के सामूहिक स्वरों के साथ भगवान राम की आरती भी की गई।

300 से अधिक प्रतिभगियों ने गोस्वामी तुलसीकृत राम-स्तुति %श्री रामचंद्र कृपालु भजमन% का भी सामूहिक पाठ किया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शु ला, जनजातीय लोककला एवं बोली-विकास अकादमी के निदेशक प्रो. धर्मेंद्र पारे, जन अभियान परिषद् के कार्यकारी निदेशक डॉ. पी के पाण्डे, आचार्य शंकर न्यास के प्रभारी अधिकारी डॉ शैलेंद्र मिश्रा व स्वामी वेदतत्त्वानंद पुरी जी की विशेष उपस्थिति रही।

शंकरदूतों द्वारा श्रीराम भुजंग प्रयात स्तोत्र का हुआ गायन

आदि शंकराचार्य द्वारा भगवान श्री राम पर रचित श्रीराम भुजंग प्रयात स्तोत्र का समवेत गायन शंकर दूतों द्वारा किया गया। न्यास द्वारा नियमित आयोजित होने वाले अद्वैत युवा शिविर से प्रशिक्षित होने वाले युवा शंकर-दूत बन न्यास के साथ अद्वैत वेदान्त का प्रचार-प्रसार करते हैं। ऐसे 20 शंकर दूतों के समूह द्वारा इस स्तोत्र का समवेत शास्त्रीय गायन किया गया। इस गायन का दस दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण बंगलुरू की श्रीमती लोकमाता विद्याशंकर द्वारा दिया गया। भोपाल के अतिरिक्त भारत में अन्यान्य स्थानों पर निवासरत शंकरदूतों द्वारा भी अपने-अपने स्थान पर इस स्तोत्र का सामूहिक गायन किया गया।

'केवट तुमरे भाग चरण पखारे राजा राम'

अयोध्या में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर देश-दुनिया में लोगों की श्रद्धा व् आस्था देखने को मिली. 22 जनवरी 2024 को जब बालस्वरूप रामलला की गर्भगृह में प्रतिष्ठा हुई तो दुनिया भर में रामभक्तों का उत्साह देखने को मिला. प्रभु के दर्शन करने के लिए लोग अलग अलग तरीके से उनके धाम पहुँच रहे हैं. कोई साईकिल से , कोई दौड़कर तो कोई पैदल अयोध्या पहुंच रहा है. ऐसे ही व्यक्ति मध्यभारत प्रान्त के हैं जिनके नाम हैं नन्नूलाल केवट और शिवराज मीणा. यह दोनों पैदल अयोध्या की ओर जा रहे हैं.

विदिशा जिले की शमशाबाद तहसील के ग्राम सान्गुल के यह दोनों ही ग्रामीण पिछले दिवस ही अयोध्या की यात्रा पर निकले हैं. उनसे बातचीत में पता लगा कि नन्नूलाल पहले भी अयोध्या पैदल यात्रा कर आये हैं. लगभग 65 वर्षों से भी अधिक उम्र पूरी कर चुके नन्नूलाल खूब उत्साहित दिखाई दे रहे थे, जब उनसे इसका कारण पूछा तो उन्होंने भव्य मंदिर में %रामलला विराजमान% के बाद पहली बार पहुँचने पर सौभाग्य जताया. उन्होंने कहा कि वह सड्ढ4श्स्त्रद्ध4ड्ढ के भव्य श्री राम मंदिर में #ramlalavirajman से बड़े ही आनंदित हैं, इसलिए पैदल झंडा लेकर अयोध्या में यह समर्पित करने को जा रहे हैं.

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राज्य स्तरीय समारोह में राष्ट्र ध्वज फहराया

भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में 75वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

भोपाल । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर भोपाल स्थित लाल परेड ग्राउंड में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आकर्षक परेड की सलामी ली। लाल परेड ग्राउंड में हुई परेड में 19 टुकड़ियाँ शामिल थी।

राज्यपाल श्री पटेल ने परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद परेड कमांडर श्री आनंद कलादगी के नेतृत्व में मार्च पास्ट किया गया। परेड के 2आईसी श्री अभिषेक चौधरी थे। परेड में कंटीजेंट क्रमांक-1 गुजरात राज्य पुलिस का प्लाटून था। कंटीजेंट क्रमांक-2 में मध्यप्रदेश विशेष सशस्त्र बल की टुकड़ी कंटीजेंट क्रमांक-3 एसटीएफ, कंटीजेंट क्रमांक-4 विशेष सशस्त्र बल जिला पुलिस महिला, कंटीजेंट क्रमांक-5 हॉक फोर्स, कंटीजेंट क्रमांक-6 केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, कंटीजेंट क्रमांक-7 जिला पुलिस बल पुरूष, कंटीजेंट क्रमांक-8 जेल विभाग महिला, कंटीजेंट क्रमांक-9 मध्यप्रदेश होमगार्ड, कंटीजेंट क्रमांक-10 भूतपूर्व सैनिक, कंटीजेंट क्रमांक-11 एनसीसी सीनियर डिविजन एयर विंग नेवल विंग बॉयस मिश्रित प्लाटून, कंटीजेंट क्रमांक-12 एनसीसी सीनियर विंग एयर विंग नेवल विंग गर्ल्स मिश्रित प्लाटून, कंटीजेंट क्रमांक-13 गर्ल्स गाइड छात्रा, कंटीजेंट क्रमांक-14 स्काउट गाइड बॉयस, कंटीजेंट क्रमांक-15 पुलिस बॉयस, कंटीजेंट क्रमांक-16 शौर्य दल, कंटीजेंट क्रमांक-17 पुलिस बैंड, कंटीजेंट क्रमांक-18 स्वान दल, कंटीजेंट क्रमांक-19 अश्वरोही दल की टुकडियाँ शामिल थी। राज्यपाल श्री पटेल ने नागरिकों की उपस्थिति में खुले आकाश में रंगीन गुब्बारे छोड़े।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ

राज्य स्तरीय 75वे गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी। रेड रोज स्कूल लांबाखेड़ा के विद्यार्थियों ने भारत गणराज्य के बदलते स्वरूप की स्तुति का गान किया। उनका यह नृत्य भारत की छवि को विश्वगुरू के रूप में स्थापित शक्ति स्वरूप दर्शाता था। इस नृत्य में जहाँ एक ओर भारत की भौगोलिक विशेषताओं का बखान है, वहीं विश्व के मान के संरक्षक के रूप में दर्शाता है। पूरी दुनिया में भारत वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा स्थापित करता है और उसकी अस्मिता की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल,संत हिरदाराम नगर के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति दी। उनकी इस प्रस्तुति में भारत भूमि की भव्यता एवं संस्कृति का वर्णन था। इस नृत्य में 60 छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से जनसमुदाय का मन मोह लिया।

नृत्यों की आखरी प्रस्तुति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 171 बच्चों ने ÷देश राग÷ में नृत्य की प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में स्कूल शिक्षा विभाग के 13 सरकारी स्कूल के बच्चे शामिल थे। नृत्य के माध्यम से लोकतंत्र में गणतंत्र के महत्व को दर्शाया गया था।

प्रदेश के जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुतियाँ

लाल परेड मैदान में हुए समारोह में जनजातीय संस्कृति पर केन्द्रित बुंदेलखंड का बरेदी और बधाई लोकनृत्य, निमाड़ का गणगौर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार और बड़वानी छेत्र में निवास करने वाली भील जनजाति का भगोरिया नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही यादव जाति का जातीय लोकनृत्य अहिराई की प्रस्तुति भी दी गई। इन नृत्यों में जनजातीय वर्ग के युवक-युवती रंगीन वेशभूषा में में छ्टा बिखेर रहे थे। जनजातीय वाद्य यंत्रों ने मैदान में उपस्थित जनसमुदाय को अभिभूत किया।

झांकियों के माध्यम से प्रदेश की प्रगति का प्रदर्शन

गणतंत्र दिवस समारोह में झांकियों के माध्यम से प्रदेश की प्रगति, सुशासन जनभागीदारी से समग्र विकास को प्रदर्शित किया गया। उद्यानिकी विभाग की झांकी में जनभागीदारी से उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में प्रदेश की तरक्की को दर्शाया गया था। झांकी में देश में संतरा, टमाटर, धनिया एवं लहसुन उत्पादन में प्रथम स्थान रहने को चित्रित किया गया था। विभाग ने जनता की सुविधा के लिये ई-नर्सरी पोर्टल भी शुरू किया है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की झांकी में कृषि क्षेत्र में देश में उभरते मध्यप्रदेश को उपलब्धियों के साथ दिखाया गया। झांकी के माध्यम से ड्रोन से नेनो यूरिया के छिड़काव को सुशासन की व्यवस्था को प्रदर्शित किया गया। कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की झांकी में श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा को कारीगरों एवं शिल्पकारों के प्रतीक के रूप में प्रदर्शित किया गया।

झाकियों के प्रदर्शन के सिलसिले में जेल विभाग की झांकी में आजादी के बाद जेलों में हो रहे सुधारात्मक स्वरूप को दर्शाया गया। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की झांकी में युनेस्को में शामिल स्थलों को दर्शाया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की झांकी में जल जीवन मिशन के माध्यम से नागरिकों को पेयजल की उपलब्धता को दिखाया गया। वन विभाग की झांकी में संयुक्त वन प्रबंधन के माध्यम से ग्रामवासियों को रोजगार और आत्मनिर्भर बनाने की कोशियों को दर्शाया गया। मछुआ कल्याण विभाग की झांकी जनता का विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। इस झांकी को मछली का विशाल स्वरूप प्रदान किया गया था। झांकी में प्रदेश की समृद्ध मत्स्य संपदा को दर्शाया गया। पशुपालन विभाग की झांकी में चलित पशु चिकित्सा इकाई के वाहन और उसके माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं को दर्शाया गया। झांकी के प्रदर्शन के सिलसिले में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित द्वारा सहकारिता के माध्यम से सुशासन को दिखाया गया। अंतिम झांकी निर्वाचन की थी। इस झांकी में निर्वाचन के महत्व का प्रदर्शित किया गया था। झांकी की विषयवस्तु ÷वोट जैसा कुछ नही, वोट जरूरी डालेंगे हम÷ था।

पुरस्कार

गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूल के बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुतियों में संत हिरदाराम नगर के हासोमल पब्लिक स्कूल को प्रथम, रेड रोज स्कूल लांबाखेड़ा को दूसरा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल की प्रस्तुति को तृतीय पुरस्कार के लिये चयनित किया गया।

राममय हुआ शहर, कारसेवक बोले- तपस्या साकार हुई

ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने युवा ~युवाओं ने दीपदान कर कारसेवकों को दी श्रद्धांजलि

भोपाल। अयोध्या में राम लला का प्राण प्रतिष्ठ महोत्सव भव्यता के साथ संपन्न हुआ। देशभर के रामभक्तों ने भी जमकर उत्सव मनाया। भोपाल की सामाजिक संस्था यूथ फॉर सनातन धर्म ने इस अवसर पर रक्तदान शिविर और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। साथ ही मंदिर निर्माण लिए प्राण गंवाने वाले उन सभी वीर बलिदानियों की स्मृति वीर कारसेवकों का वाल ऑफ़ ऑनर बना कर उसके सामने दीपदान भी किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर रामभक्तों ने किया रक्तदान

प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 40 से अधिक रामभक्तों ने समाज के लिए रक्तदान किया। वहीं वर्षों के संघर्ष के बाद जब रामलला गर्भ गृह में विराजित हुए तो उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गई। इसके साथ ही विवादित ढांचे के गिरने से लेकर मंदिर बनने तक की यात्रा के सहयात्री रहे कारसेवकों ने कारसेवा के लिए जाने से लेकर जेल के समय के रोंगटे खड़े होने वाले अनुभव बताए।

जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर जल जीवन मिशन को मूर्त रूप दें अधिकारी- संपतिया उइके

पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश

सिवनी यशोः- हर घर तक शुध्द एवं स्वच्छ पेयजल नल के माध्यम से पहुंचाने के पुनित उद्देश्यों संचालित जल जीवन मिशन योजना का मैदानी स्तर पर बेहतर क्रियांवयन किया जाए, मिशन से जुड़े विभागीय अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर योजना को मूर्तरूप देने का कार्य करें, यह निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्षा में आयोजित हुई विभागीय समीक्षा बैठक में उपस्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम के अधिकारियों को दिए। बैठक में विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, विधायक बरघाट श्री कमल मर्सकोल, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री आलोक दुबे, कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल, पुलिस अधीक्षक श्री आर के सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नवजीवन विजय, ईई पीएचई सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में श्रीमती संपतिया उइके ने जिले में संचालित एकल एवं समूह नल जल योजनाओं की विकासखण्डवार विस्तृत समीक्षा करने के साथ-साथ उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से भी नल जल योजनाओं की गुणवत्ता एवं प्रगति को लेकर चर्चा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के सभी कार्य पूरी गुणवत्ता के पूर्ण किए जाएं। मैदानी अमला अपने क्षेत्र में प्रगतिरत सभी कार्यों का निरंतर अवलोकन करें। मंत्री श्रीमती उइके ने अधिकारियों को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे सभी ग्राम जिन्हें स्रोत न होने से एकल नल जल योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है, उनमें समूह नल जल योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने समूह नल जल योजनाओं के क्रियांवयन के लिए जल संसाधन विभाग के छोटे-बड़े टैंकों को स्रोत के रूप में उपयोग करते हुए बरघाट, कुरई, लखनादौन सहित अन्य क्षेत्रों के ग्रामों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य के लिए नवीन डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने निर्देशित किया।

मंत्री श्रीमती उइके ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजनों को पेयजल संबंधी कोई भी समस्या न हो, इसका ध्यान रखा जाए। पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम बनाते हुए टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती उइके ने बैठक में उपस्थित अनुबंधकर्ताओं को भी निर्देशित किया कि सभी कार्यों को पूरी गंभीरता एवं गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किया जाए। आगामी ग्रीष्म ऋतु में कहीं भी पेयजल संबंधी समस्या न आए। उन्होंने अनुबंधकर्ताओं को पूरी क्षमता एवं पर्याप्त मानव संसाधन के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

कलयुगी पिता की काली करतूत रिश्तों को किया शर्मसार नाबालिग बेटी के साथ किया दुष्कर्म

छपारा यशोः- थाना अंतर्गत रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक ऐसी घटना सामने आई है. जिसने रिश्तों की मर्यादा को तार तार कर दिया है।

बताया जाता है कि एक पिता ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित नाबालिग ने इस घिनौने कृत्य की सूचना अपनी नानी को दी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया...पुलिस ने पीड़िता की मेडिकल जांच कराके और बयान दर्ज कर लिया है और.आगे की कारवाई जारी है।

आंगनवाडी सहायिका पद हेतु दावा - आपत्ति आमंत्रित

सिवनी यशोः- परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सिवनी द्वारा बताया गया की बण्डोल-1, हिवरा, गोरखपुरखुर्द, चांवडी एवं नगझर आंगनवाडी केन्द्रों में आंगनवाडी सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। खंड स्तरीय चयन समिति के निर्णय अनुसार अनन्तिम सूची जारी कर दी गई है तथा जारी सूची के विरूद्ध 31 जनवरी 2024 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किये गये हैं। अनन्तिम सूची का अवलोकन संबंधित कार्यालय में किया जा सकता है।

समानता के संवैधानिक न्याय के लिए आगे बढ़े , संगठित झूठ के खिलाफ कमर कसे - कांग्रेस

सिवनी यशोः- गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट गीत वन्दे मातरम् का गायन कर ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात राष्ट गान के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। संदेश में कहा गया कि देश की संप्रभुता को एक माला में पिरोकर गणतंत्र की स्थापना के 75 वे वर्ष पर आपको हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूॅ इन 75 सालो में भारत में दुनिया में अपने पुरूषार्थ का परचम लहराया है आजादी के लिए संघर्ष करने वाले हमारे महान नेताओं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, नेता जी सुभाषचन्द्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री, बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, बिपिन चन्द्रपाल, मोतीलाल नेहरू, डॉक्टर राम मनोहर लोहिया, डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर, मौलाना अबुल कलाम आजाद,बाबू जगजीवन राम, सरोजिनी नायडू, आचार्य कृपलानी जैसी अनेक शख्सियत जिन्होंने संविधान से लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना अमिट योगदान दिया है आज इन्हें स्मरण करने का पुण्य दिवस है। आप सभी जानते है कि जब देश आजाद हुआ, तब देश की परिस्थितियाँ क्या थी, अंग्रेजो ने देश को पूरी तरह लूट लिया था। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी हमारे नेताओं ने देश को तरक्की के रास्ते पर बढ़ाया और दृढ़ संकल्प के साथ नवनिर्माण का मार्ग प्रशस्त किया जो कि आज सशक्त और समृद्ध भारत के रूप में देखा जा रहा है, आइए हम जनता के नागरिक अधिकारों, समानता के संवैधानिक न्याय के लिए आगे बढ़े और हम सब मिलकर पंजी के एकाधिकारवाद, अवसरों की लूट और संगठित झूठ के खिलाफ कमर कसें। साथ मिलकर, कदम बढ़ाए, अपने भारत को सच्चे अर्थो में विश्वगुरू बनाएं।

गणतंत्र दिवस कार्यक्र के अवसर पर सर्वश्री एड़ पंकज शर्मा, सेवकराम चन्द्रवंशी, ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, प्रसन्नचंद मालू, शफीक खान, नरेश मरावी, असलम खान, ठाकुर खुमानसिंह, महानंद राहंगडाले, बुलाकीराम सिसोदिया, अतुलचंद मालू, आनंद पंजवानी, इमरान पटेल, धर्मेन्द्रसिंह ठाकुर, एड़ राजेन्द्र सिसोदिया, कोमल कश्यप, डालचंद बर्वे, निर्मल निखारे, गेंदलाल भलावी, मोहनसिंह ठाकुर, एड़ श्याम डहेरिया, ध्रुवनारायण चैधरी, श्रीमति डाली अमित डागोर, आजम दीवान अली, राजिक अकील, राजेश मानाठाकुर, राजगोस्वामी, सुरेन्द्र सनोडिया, युवराजसिंह राणा, कैलाश अवधिया, श्रीकांत तिवारी, जोऐब जकी अनवर खान, नब्बू भाई, श्रीमति आशा सनोडिया, श्रीमति अल्पना राणा, श्रीमति विमला ठाकुर, श्रीमति सीता निखारे, श्रीमति ललिता बघेल, श्रीमति योगिता सनोडिया, श्रीमति सुयोगिता से सेना, श्रीमति श्यामकांता आत्मपूज्य, श्रीमति सुनीता वर्मा, श्रीमति पवनरेखा रिनायत, श्रीमति अनिता बघेल, श्रीमति सुलोचना बघेल, श्रीमति सींताजली से सेना, सुशील सोनकेशरिया, सुमित मिश्रा, टिकेन्द्र देशमुख, एड़ शाहिद रज, सुजीत गोदरे, राजकुमार ठाकुर, विनोद यादव, विनोद नाग, धनंजय सिंह, नितिन बघेले, ऐजाज खान, एड़ मिर्जा फेसल बेग, रामकिशोर बघेल, रामेश्वर भालेकर, शंकरलाल डहेरिया, जितेन्द्र सिंह बघेल, हुकुमचंद सनोडिया, विक्रम बघेल, घनश्याम बघेल, दिनेश कांड्रा, सतेन्द्र बघेल, सरदार सिंह बघेल, ममतेश चैहान, मोहसीन खान, जयप्रकाश यादव, धीरन कुमरे, रविन्द्र बघेल सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिती रही।

उत्कृष्ट निर्वाचन कार्यों के लिए कलेक्टर सहित रिटर्निंग अधिकारी केवलारी हुए सम्मानित

सिवनी यशोः- 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भोपाल में आयोजित हुए कार्यक्रम में जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के हस्ते पुरस्कृत हुए हैं। कलेक्टर श्री सिंघल को यह पुरूस्कार सफलतापूर्वक विधानसभा निर्वाचन करवाने एवं समग्र रूप से निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया है। इसके साथ-साथ रिटर्निंग अधिकारी केवलारी श्री संदीप श्रीवास्तव को भी राज्यपाल महोदय द्वारा पुरूस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में संपूर्ण प्रदेश में मतदान प्रतिशत में सिवनी जिला अग्रणी रहा है। इसके साथ-साथ विधानसभा केवलारी में भी सर्वाधिक मतदान प्रतिशत रहा है।

सीएम राईज स्कूल डूण्डासिवनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राजेश कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में श्री विकास शर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के निर्देशन में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर दिनांक 24.01.2024 को सी.एम. राईज स्कूल डूण्डासिवनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को नालसा बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल अपराध के विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने तिरंगा फहराया, ली परेड की सलामी

जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

भोपाल । मंदसौर जिले में गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम राजीव गांधी महाविद्यालय क्रीडा परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने गणतंत्र दिवस पर राष्ट्र ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने जनसंपर्क विभाग द्वारा कॉलेज ग्राउंड में लगाई गई भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के विकास कार्यों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

संदीप दीक्षित हुए सम्मानित

सिवनी यशोः- गणतंत्र दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यों के लिए कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया इसी क्रम में जिला चिकित्सालय के पुलिस चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक संदीप दीक्षित को भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। संदीप दीक्षित द्वारा अस्पताल चौकी में पुलिस विभाग के लिए उत्कृष्ट कार्यों सहित मानव सेवा में भी विभिन्न उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं जिसके लिए इन्हे सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रदेश में 730 स्कूल पीएमश्री स्कूल के रूप में होंगे विकसित

भोपाल । प्रदेश में स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिये 730 स्कूलों को पीएमश्री स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें 313 विकासखंडों में 626 और नगरीय निकायों में 104 सरकारी स्कूलों को विकसित किया जा रहा है। यह स्कूल राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित हो रहे हैं।

केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 में प्रथम चरण में चयनित 416 विद्यालयों की योजना के लिये 219 करोड़ रूपये की कार्ययोजना को मंजूरी दी गई है। चयनित इन स्कूलों को ग्रीन स्कूल की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। चयनित स्कूल में लैब, लाइब्रेरी, व्यावसायिक शिक्षा, आई.सी.टी. लैब और अटल टिकरिंग लैब भी बनाई जा रही है।

प्रदेश के स्कूलों में आई.सी.टी. का उपयोग

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सरकारी स्कूलों में आई.सी.टी. लैब की स्थापना को प्राथमिकता दी जा रही है। नई शिक्षा नीति में डिजिटल एजुकेशन को महत्वपूर्ण माना गया है। प्रदेश के 2350 सरकारी स्कूलों में कम्प्यूटर लैब स्थापित की जा चुकी हैं। लैब में 10 कम्प्यूटर, स्मार्ट टीवी और अन्य आवश्यक उपकरण प्रदाय किये जा रहे हैं। रोबोटिक एवं कोडिंग तकनीक सिखाने के लिये भोपाल जिले के 5 सीएम राइज स्कूलों में पायलेट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। प्रदेश के 104 सरकारी स्कूलों में रोबोटिक लैब स्थापित की जा रही है।

आदर्श सरस्वती शिशु मन्दिर छपारा में गणतंत्र दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया

छपारा यशोः- बैनगंगा बाल कल्याण समिति की उपस्थिति में आदर्श सरस्वती शिशु मन्दिर छपारा विद्यालय में 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस)कार्यक्रम बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबूलाल अग्रवाल उपाध्यक्ष,विशिष्ट अतिथि नवीन सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष एवं सुनीलदत्त पाठक व्यवस्थापक की उपस्थिति में कार्यक्रम शुरु किया गया एवं श्री बैनगंगा बाल कल्याण समिति छपारा के अन्य सदस्यों में श्रीमान सोहन कश्यप जी, श्रीमान दिलीप चौरसिया जी, श्रीमान राजेंद्र तिवारी जी, श्रीमती आशा किरण तिवारी जी,श्रीमान विकास सिंह ठाकुर जी, श्रीमान राजेंद्र जैन जी,श्रीमान हेमंत श्रीवात्री जी, एवं आचार्य परिवार में श्रीमती सीमरानी नामदेव, श्रीमती वर्षा राजपूत, श्रीमती भारती सौन्धिया, श्रीमती कंचन चंचल, सुश्री ऋतुका परिहार, सुश्री स्वाति सुपलभक्त, सुश्री कनन पाठक, सुश्री रिचा चौहान, सुश्री मंजु वर्मा, सुश्री नीतू सेन,सुश्री प्रिया आरसे,श्री घनश्याम चंद्रवंशी, श्री आशीष बरमैया,श्री प्रशांत तिवारी,श्री द्रोपद धुर्वे, श्रीमती सावित्री धुर्वे, श्रीमती श्यामवती सिहोतिया एवं पूर्व छात्र और बड़ी संख्या में अभिभावक वन्धु,गणमान्य नागरिक की उपस्थित रही एक से बढ़ एक सांस्कृतिक और देश भक्ति कार्यक्रम शिक्षकों ने अभिभावक के सहयोग से किया मंच संचालन सांस्कृतिक प्रभारी सुश्री रेशमा खान ने किया बाकी सभी आचार्यो ने मिलकर कार्यक्रम तैयार किया और व्यवस्थित ढंग से कार्यक्रम संपन्न हुआ और आज के मिष्ठान,स्वल्पाहर व्यावस्था की घोषणा संस्थापक सदस्य श्रीमान बाबूलाल अग्रवाल जी उपाध्यक्ष ने अपने तरफ से किया विद्यालय परिवार ने उनको बहुत बहुत धन्यवाद और शुभकानाएँ दी।

राज्य स्तरीय वन मेले में घूमने आये लोग दुर्लभ जड़ी-बूटियों की विशाल संपदा देख अभिभूत हो गए

वन मंत्री चौहान के निर्देश पर वन उपज संग्रहण करने वाले परिवारों की आय बढ़ाने के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही

भोपाल । मध्य प्रदेश की विशाल वन संपदा का दर्शन कर अभिभूत हो गए। औषधीय महत्व के दुर्लभ पौधों, बेलों, जड़ों, पत्तियों को प्रत्यक्ष देख मेले में आये लोगों को सोने चांदी से कीमती वनोपज के बहुमूल्य खजाने पर गर्व का अनुभव हुआ.

भोपाल हाट में चल रहे वन मेले में वनोपज से बनी औषधियों और व्यंजनों को भरपूर पसंद किया. हर्रा, बहेड़ा, आंवला, महुआ के उत्पादें के अलावा कुछ ऐसी जड़ी बूटियां मेले में प्रदर्शित है जो अब दुर्लभ होती जा रही है. वन क्षेत्र गहरी वन क्षेत्र के भीतर रहने वाले जनजाति परिवार उनकी रक्षा करते हैं और उनकी उन्हें उनकी गहरी पहचान होती है. वही इनका संग्रहण करते है. वन मंत्री श्री नागर सिंह चौहान के निर्देश पर वन उपज संग्रहण करने वाले परिवारें की आय बढ़ाने के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है।

मेले में वच, विदारीकंद, सिंदूरी, सप्तपर्णी, निर्गुंडी पुनर्नवा, ब्राह्मी, चमेली, अश्वगंधा, अर्जुन, अपराजिता, आमी हल्दी, काली हल्दी, जंगली प्याज, जंगली अदरक, कचनार कालमेघ, हड़जोड़, गूगुल, गोखरू, गिलोय शंखपुष्पी के अलावा शतावरी जैसी दुर्लभ होती जा रही वन उपज भी प्रदर्शित है।

हालांकि शतावरी मध्य भारत में बहुतायत से मिलती है लेकिन अब इसके ऊपर ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के खतरे मंडरा रहे हैं. शास्त्रों में इसका वर्णन आता है कि यह आयुर्वेद में एक रसायन के रूप में और रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ाने वाली है. याददाश्त बढ़ती है और तनाव को दूर करती है. पाचन क्षमता को भी मजबूत बनाती है. इसका उपयोग नवजात शिशुओं की माताओं को पौष्टिक आहार बढ़ाने के लिए टॉनिक की तरह किया जाता है. इसकी जड़ों का उपयोग किया जाता है. जानवरों की खांसी को भी इससे दूर किया जाता है. शतावरी का पौधा 4 मीटर तक लंबा होता है. इसकी पत्तियां नोकदार होती हैं और इनका हरापन विशेष चमक लिए होता है. इसके फूल अपने शैशव अवस्था में सुगंधित होते हैं।

तीखुर का नाम ज्यादातर लोग जानते हैं लेकिन कई ने देखा नहीं. यह प्रदेश के विंध्य क्षेत्र के वनों में मिलता है. यह कंदिल जैसे दिखने वाला शाक है। इसके पत्ते 30-45 सेमी लम्बे, नोंकदार और गहरे हरे होते हैं। इसके फूल पीले रंग के होते हैं जो सफ़ेद और हरी पत्तियों के बीच लगे रहते हैं। इसके फल अण्डाकार, तीन कपाटों में खुलते हैं तथा बीज अनेक और छोटे होते हैं। इसका प्रकन्द मूल छोटा, लम्बे गूदेदार रेशे से भरा होता है। इसका जुलाई में फूलता और नवम्बर में फलता है। तीखुर मधुर, शीत तथा पित्तशामक होता है।यह सुगन्धित, बलकारक होता है। इसका उपयोग क्षय रोग दूर करने रक्त विकार, श्वास विकार, बुखार दूर करने, मूत्र सम्बन्धी विकारों को दूर करने में उपयोगी होता है।

गुरुकुल में हुआ भव्य गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

गणतंत्र दिवस समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुरुकुल रहा अव्वल

बरघाट यशोः- ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के अनुसांगिक शैक्षणिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल बरघाट में भव्य गणतंत्र दिवस समारोह 75वीं वर्षगांठ धूमधाम और हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत एवं प्राचार्य ज्योति सिंह राजपूत उपस्थित रहे। साथ ही संस्था के संरक्षक एवं मार्गदर्शक कुंवर सिंह राजपूत एवं विष्णु प्रसाद साहू, सह प्राचार्य नितेश गौतम, प्रधानाचार्य नाहिद खान, पूर्व विद्यार्थी वेदांत श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती एवं तिरंगे झंडे के पूजन के साथ हुई, संस्था प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान एवं परेड के साथ सलामी दी गई। नरेश सिंह राजपूत ने इस राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि भारत गणतंत्र दिवस पर हम गणराज्य के मौलिक सिद्धांतों को मनाते हैं और समृद्धि और सामरिकता की दिशा में काम करने का लगातार प्रयास करते हैं।गणतंत्र दिवस हमें याद दिलाता है कि हम एक सशक्त, समृद्ध, और समृष्टि भरे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। हमें अपने देश के लिए साझा मिलकर काम करने का संकल्प करना चाहिए ताकि हम अपने सपनों को हकीकत में बदल सकें। बच्चों ने तिरंगे एवं जोश के साथ नारे लगाए और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

विद्यालय के कार्यक्रम के बाद राजीव गांधी स्टेडियम बरघाट में समस्त नगर के विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय से स्टेडियम तक रैली का आयोजन किया गया। गुरुकुल पब्लिक स्कूल द्वारा नृत्य प्रतियोगिता की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसमें लीड कॉर्डिनेटर भाव्या राजपूत द्वारा कोरियोग्राफ की गई गांधीजी की अतुल्य दांडी यात्रा का भव्य एवं मनमोहक वर्णन किया गया, जिसमें विद्यालय को प्रथम पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही खुशी ठाकुर द्वारा पीटी का कुशल नेतृत्व किया गया, जिसमें विद्यालय को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य खेल प्रतियोगिताओं में सम्मिलित खेल प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। मनीषा निवारे के नेतृत्व में परेड का शानदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों एवं कार्यकारी स्टाफ उपस्थित रहा।

पुलिस लाईन ग्राउंड में आयोजित हुआ गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह

केबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने फहराया ध्वज

मंडला यशोः- गणतंत्र दिवस समारोह जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाईन ग्राउंड मंडला में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि म.प्र. शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली एवं परेड का निरीक्षण किया तथा मुख्यमंत्री जी के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने सफेद, केसरिया एवं हरे रंगों के गुब्बारे आकाश में छोड़े। मुख्य समारोह में सशस्त्र बलों ने हर्ष फायर किया और पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई तथा मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया।

समारोह में सशस्त्र बलों और अन्य प्लाटूनों द्वारा शानदार मार्चपास्ट किया गया। मार्चपास्ट में एसएएफ 35वी वाहिनी, जिला पुलिस बल तथा जिला महिला पुलिस बल, होमगार्ड मंडला, वन विभाग मंडला, एनसीसी सीनियर डिवीजन एनसीसीआरडी एवं अन्य दल शामिल हुए। परेड का नेतृत्व आरआई सुनील नागवंशी ने किया। मुख्य अतिथि संपतिया उइके ने परेड की सलामी ली तथा मार्चपास्ट के बाद प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधि ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले मेधावी छात्रों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवक और खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह में जिले के लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा लोकतंत्र सेनानियों को शाल, श्रीफल एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया।

विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शित की गई आकर्षक झांकियाँ

पुलिस लाईन ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई। झांकियों में विभाग की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया था। कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, स्वास्थ्य विभाग, जनजातीय कार्यविभाग, जल-जीवन मिशन, वन विभाग, रेशम एवं शिक्षा तथा पुलिस विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर केन्द्रित झाकियों का प्रदर्शन किया गया। झांकी प्रदर्शन में कृषि विभाग को प्रथम, पीएचई को द्वितीय तथा यातायात विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेलवेदर स्कूल को प्रथम स्थान

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विभिन्न स्कूलों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। बेलवेदर स्कूल को प्रथम, भारत ज्योति विद्यालय को द्वितीय तथा रानी अवंती बाई विद्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। परेड के प्रथम ग्रुप में जिला पुलिस बल को प्रथम, 148वी बटालियन को द्वितीय तथा होमगार्ड एवं एनसीसी जूनियर डिविजन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार द्वितीय ग्रुप में गाईड को प्रथम, ट्रेफिक मित्र एवं नगर रक्षा समिति को द्वितीय तथा स्काउड को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

समारोह में ये रहे उपस्थित

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी, नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संदीप सिंगौर, जिला पंचायत निर्माण समिति के सभापति शैलेष मिश्रा, भीष्म द्विवेदी, अनुराग चौरसिया, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

भाजपा की गांव चलो अभियान की बैठक आज

मंडला यशोः- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में गांव चलो अभियान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की योजना तय करने हेतु भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी एवं गांव चलो अभियान के संयोजक श्री अशोक नानकानी की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में 28 जनवरी को दोपहर 1 बजे से गांव चलो अभियान हेतु बैठक आयोजित की गयी है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि गांव चलो अभियान के माध्यम से नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर कार्यकर्ता पहुचेंगे, बैठक में गांव चलो अभियान के सह संयोजक, मण्डल संयोजक, मंडल सह संयोजक जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, जिला मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के संयोजक, सभी जनप्रतिनिधि, तीनों विधानसभा की प्रबंध समिति के सदस्य बैठक में उपस्थित रहेंगे।

आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

मंडला यशोः- ग्राम चिरईडोंगरी निवासी इमरतलाल की 30 सितंबर 2023 को पानी में डूबने से मुत्यु हो जाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मंडला द्वारा मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पुत्री दसियाबाई को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की गई है।

भारत पर्व पर बिखरे लोक कला के रंग

नगरपालिका परिसर में भारत-पर्व कार्यक्रम संपन्न

मंडला यशोः- गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगरपालिका परिसर मंडला में लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। इसमें लोक कलाकारों ने बहुआयामी लोक संस्कृति की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। भारत पर्व में बुंदेलखंडी लोकगीतों की हरिसिंह केवट व दल ने प्रस्तुति दी। इसी प्रकार नटराज टीम के कलाकारों श्रुति श्रीवास्तव, मेनका चौरसिया व साथियों द्वारा कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। डिंडोरी से आये पतिराम मार्को लोककला दल द्वारा कर्मा शैला नृत्य की प्रस्तुति दी गई। श्रोताओं ने लोकगीतों का आनन्द उठाया। स्थानीय कलाकारों ने भी कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी।

इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कुशवाहा, नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, हुनेन्द्र घोरमारे, पार्षदगण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया। आभार सहायक आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा किया गया।

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह स्थल पर लगाई गई प्रदर्शनी

मंडला यशोः- नागरिकों के मानव अधिकार एवं महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, पीड़ित केन्द्रित न्याय तंत्र स्थापित करना, जटिल प्रक्रियाओं के सरलीकरण से आपराधिक न्याय प्रणाली को सुगम तथा सुलभ बनाना तथा जेलों और सुधारगृहों से भीड़ कम करने के उद्देश्य से गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल पुलिसलाईन ग्राउंड में जिला जनसंपर्क कार्यालय तथा पुलिस विभाग के सौजन्य से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न चित्रों के माध्यम से लोगों को नवीन कानूनों की जानकारी देते हुए इस संबंध में उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया गया।

पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर 29 से

मंडला यशोः- लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु 29 जनवरी से 5 फरवरी 2024 तक जिला पेंशन कार्यालय मंडला में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। सभी कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि शिविर में अपने कार्यालय में नवंबर 2023 तक के लंबित प्रकरण प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित में कलेक्टर ने ध्वज फहराया

मंडला यशोः- कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित में ध्वज फहराया गया। इस दौरान महाप्रबंधक सहित संबंधित स्टॉफ उपस्थित रहा।

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सकल नामांकन अनुपात में राष्ट्रीय औसत से बेहतर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी प्रदेशवासियों को बधाई

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नई शिक्षा नीति को सफलतापूर्वक लागू करने में तो अग्रणी रहा ही है, नामांकन के स्तर पर भी प्रदेश ने उपलब्धि हासिल की है। सकल पंजीयन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय औसत 28.4 प्रतिशत रहा जबकि मध्यप्रदेश 28.9 प्रतिशत के साथ विद्यार्थी नामांकन संख्या में वृद्धि की उपलब्धि अर्जित कर चुका है। मध्यप्रदेश में सर्वाधिक नामांकन स्नातक स्तर पर लागू हुए हैं। मध्यप्रदेश ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का स्तर बनाए रखा। प्रदेश ने इस दिशा में निरंतर प्रगति की। कोविड की चुनौतियों के बावजूद राष्ट्रीय औसत से आगे निकलना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने भी इस उपलब्धि के लिए विभागीय टीम को बधाई दी है।

प्रदेश की उपलब्धियाँ एक नजर में

मध्यप्रदेश में 18 से 23 वर्ष की आयु के युवाओं का ग्रास एनरॉलमेंट रेशियो (जीइआर) 28.9 है। यह राष्ट्रीय औसत 28.4 से अधिक है। उच्च शिक्षा के साथ ही तकनीकी शिक्षा, विधि, पशु चिकित्सा शिक्षा और कृषि शिक्षा से जुड़े संस्थानों की सक्रियता से यह संभव हुआ। ए.आई.सी.टी.ई. से संचालित समस्त संस्थानों और एम.सी.आई. द्वारा संचालित संस्थाओं का भी सहयोग रहा। इस संबंध में निरंतर प्रयास किए गए। प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय सहित 54 नए महाविद्यालय खुले। उच्च शिक्षा विभाग में सतत् मॉनीटरिंग का कार्य भी किया गया। इसके फलस्वरूप शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश की उपलब्धियों को महत्वपूर्ण माना है।

भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष आवश्यक पहलुओं पर आधारित अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण करवाया जाता है। नवीनतम सर्वेक्षण प्रतिवेदन के अनुसार मध्यप्रदेश को अखिल भारतीय सकल नामांकन अनुपात में राष्ट्रीय औसत से अधिक प्रतिशत की साथ सफलता मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष 2020 में प्रदेश में प्रभावी ढंग से नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए प्रयास तेज किए थे। इसके साथ ही उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने प्रदेश में महाविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ाने के निर्देश भी दिए। भारत सरकार के सर्वे में उन्होंने मध्यप्रदेश की उपलब्धि का प्रतिशत 35 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित कर समुचित प्रयास करने के निर्देश दिए थे।

कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वज फहराया

मंडला यशोः- कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कलेक्ट्रेट परिसर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वज फहराया। इस दौरान परिसर में आयोजित समारोह में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, हुनेन्द्र घोरमारे सहित कलेक्ट्रेट परिसर के कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा में फहराया राष्ट्र ध्वज

भोपाल । रीवा जिले में गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम एसएएफ़ ग्राउंड में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने गणतंत्र दिवस पर राष्ट्र ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया

संगठन और सत्ता के अनुभवी पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे भाजपा जिला अध्यक्ष नियुक्त

बालाघाट। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा जी ने संगठन एवं सत्ता के अनुभवी, लोकप्रिय ऊर्जावान युवा नेता एवं पूर्व राज्यमंत्री श्री रामकिशोर नानो कावरे को भारतीय जनता पार्टी बालाघाट का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में प्रदेश महामंत्री श्री भगवान दास सबनानी ने 26 जनवरी 2024 को नियुक्ति पत्र जारी किया है।

कावरे को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। पूर्व मंत्री श्री काव्य को संगठन एवं सत्ता में काम करने का लंबा अनुभव है इसका लाभ पार्टी की जिला इकाई को मिलेगा श्री काव्य के नेतृत्व में संगठन के कार्यो को गति मिलेगी और बालाघाट लोकसभा मे मिशन 2024 की राह आसान होगी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्री कावरे के नेतृत्व में पार्टी नए कीर्तिमान स्थापित करेगी और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।

रामकिशोर कावरे जिन्हें प्यार से लोग नानो भैया बुलाते हैं ने अपने 1998 राजनीतिक सफर की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में की थी।

ग्राम पंचायत बघोली से वर्ष 2001 में पंच का चुनाव जीतकर सर्वसम्मति से उपसरपंच बने।

पंचायत की राजनीति से ही रामकिशोर कावरे की नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक क्षमता में धीरे-धीरे निखार होता गया। भाजपा संगठन द्वारा इन्हें 2002 में बालाघाट ग्रामीण मण्डल महामंत्री पद का दायित्व सोपा गया। 2005 उन्होनें जनता की मांग पर निश्चय किया कि क्षेत्रिय विकास के लिए जनपद सदस्य का चुनाव लड़ना जरूरी हैं। बस फिर क्या था, यही से उन्होनें अपनी सुझबूझ से चुनाव में भाग्य आजमाया और शानदार जीत दर्ज कर जनपद अध्यक्ष नियुक्त हुए। प्रदेश पार्टी संगठन द्वारा श्री कावरे की संगठन क्षमता को रेखांकित करते हुए 2007 में भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया।

आखिरकार नानो कावरे के रूप में एक चमकता हुआ राजनीतिक सितारा मिल गया, जो आगे चलकर भाजपा के लिए अभेद माने जा रहे परसवाड़ा को फतह करने मेंसफल हुआ। भाजपा संगठन नेसाल 2008 के विधानसभा चुनाव में उन्हे अपना अधिकृत उम्मीद्वार बना दिया। परसवाड़ा विधानसभा में भाजपा का खाता खोलकर इतिहास भी रच दिया।

समय के साथ राजनीतिक कुशलता में माहिर होने के कारण वर्ष 2010 में प्रदेश संगठन ने उन्हे संगठनात्मक कार्यो की जिम्मेदारी देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री के पद से सुशोभित कर एक और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। 2018 के विधानसभा चुनाव में रामकिशोर कावरे ने एक बार फिर जीत हासिल की। भाजपा का प्रदेश नेतृत्व जो पहले से ही इस युवा चेहरे की नेतृत्व क्षमता एवं काबिलियत से भलीभांति वाकिफ था, ने उन्हे भाजपा की नई पीढ़ी को तैयार करने के उद्देश्य को लेकर प्रदेश सरकार में जुलाई 2020 मे राज्यमंत्री आयुष एवं जलसंसाधन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी। परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करते हुए लगभग 5500 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। लामता को तहसील सर्जित करवाया, परसवाड़ा को अनुभाग की सौगात, लामता परसवाड़ा एवं हट्टा कॉलेज की सौगात, पाइपलाइन इरिगेशन परियोजना की सौगात इत्यादि प्रमुख है। माना जा रहा है कि श्री कावरे को जिला अध्यक्ष बनाए जाने से भाजपा में युवाओं को स्थान एवं वरिष्ठों को सम्मान मिलेगा। श्री रामकिशोर कावरे को भाजपा जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर, पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन, रमेश भटेरे, श्रीमती लता एलकर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपुरे, कटंगी विधायक गौरव पारधी, लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे, पूर्व विधायक वारासिवनी प्रदीप जयसवाल, जिला अध्यक्ष सत्यनारायण भूरू अग्रवाल, पूर्व विधायक बैहर भगतसिंह नेताम, रमेश रंगलानी,अभय सेठिया, महेंद्र सुराणा, छगन हनवत, मौसम बिसेन, अभय कोचर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमा वाधवानी,मोनू पांडे, सुरजीत सिंह ठाकुर,जनपद अध्यक्ष बालाघाट फूलचंद सहारे,परसवाड़ा सम्मल सिंह धुर्वे, दादा भैया चित्रसेन पारधी, देविशंकर पारधी,नितेश सोनेकर, राजेश मेश्राम, योगेश शरणागत, संजय गौतम, प्रितम बोपचे, निरंजन बिसेन, नरेन्द्र भैरम, गुड्डा मरकाम, डॉ. तुकडादास वैद्य, हूलासमल कोचर, गणेश लिल्हारे, निरंजन लिल्हारे, उमेश देशमुख, लखनसिंह राणा ने हर्ष व्यक्त किया है।

पीएमश्री विद्यालय सेमरखापा में हुआ विशेष भोज

मंडला यशोः- 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडला जनपद के अंतर्गत ग्राम सेमरखापा के पीएमश्री विद्यालय में विशेष भोज का आयोजन किया गया। इस भोज में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि म.प्र. शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके स्कूली बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान जिला पंचायत निर्माण समिति के सभापति शैलेष मिश्रा, भीष्म द्विवेदी, अनुराग चौरसिया, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारीगण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।